
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा





तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

# रावण के साथ मेघनाथ, कुंभकर्ण और अहिरावण का भी जलेगा पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- शहर में दो एवं जिले भर में 30 से अधिक जगहों पर होगा रावण का दहन
- ग्रामीण इलाकों में भी दशानन वध का कार्यक्रम होने लगा आयोजित

जशपुर दशहरा अपने आप में कई विशेषताएं समेटे हुए है। यहां सिर्फ रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता बल्कि पूरी लंका जलाई जाती है। इस लंका में रावण के साथ मेघनाथ, कुंभकर्ण और अहिरावण का पुतला खड़ा होता है। दशहरे के दिन गुरूवार को जशपुर में दो जगहों पर और जिले भर में 30 से अधिक स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम होगा।

रावण दहन की रिसासत कालीन परंपरा के निर्वहन के लिए रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ और अहिरावण का पुतला रैनीडांड़ हाईस्कूल ग्राउंड में बनाया गया है। वहीं रणजीता स्टेडियम ग्राउंड में करीब 60 फीट का विशालकाय रावण अलग से बना है। परंपरा के अनुसार पहले सिर्फ रैनीडांड़ में चार पुतलों का दहन किया जाता था। रणजीता ग्राउंड में विशालकाय रावण का दहन और आतिशबाजी हाल के कुछ सालों से जुड़ी है। जिस तरह से शहर में अब दो जगहों पर रावण का दहन हो रहा है, वैसे ही जिले भर में रावण दहन का कार्यक्रम ग्राम स्तर पर भी आयोजित किए जाने लगे हैं। पहले लोग रावण दहन देखने के लिए गांव से शहर आते थे। पर अब नजदीकी गांव में भी दुर्गा पूजा समितियों द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। जिले भर में करीब 30 से अधिक स्थानों पर इस साल रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। छोटे–छोटे रावण सैकड़ों की संख्या में जलाए जाएंगे। पर सार्वजनिक रूप से रावण के विशाल पुतले का दहन भी अब पहले से अधिक स्थानों पर हो रहे हैं।



### आरा में बजाई जाती है रणभेरी

आरा में दशहरा महोत्सव सैकड़ों साल पुरानी परंपरा के अनुसार मनाई जाती है। दशहरा महोत्सव में प्राचीन युद्धकला की झलक और आरा नायक के शौर्य गाथा की झलक देखने को मिलती है। यहां रावण दहन से पूर्व वादक दलों द्वारा जो बाजे बजाए जाते हैं, वह युद्ध प्राचीन काल के युद्ध के समय बजाई जाती थी। वादक दलों के पूर्वज डोम राजा थे। ये अद्भुत शस्त्र कला का प्रदर्शन करते हैं। दशहरे के दिन इनके द्वारा ऐसी धुन बजाई जाती है कि व्यक्ति में अलग ही उत्साह का संचार होता है। ऐसी धुन युद्ध में तब सैनिकों को उत्साहित करने के लिए बजाई जाती थी। ढोल-नगाड़ों के साथ सिंग बाजा, डंका, नरसिंहा (रणभेरी) सहित कई वाद्य यंत्र यहां बजाए जाते हैं।

### यहां होगा रावण दहन का कार्यक्रम

जशपुर शहर में रैनीडांड़ और रणजीता स्टेडियम ग्राउंड के अलावा आरा, लोदाम, मनोरा, आस्ता, कुनकुरी, केराडीह, नारायणपुर, साहीडांड़, बगीचा, सन्ना, कांसाबेल, सरईपानी, टांगरगांव, हथगड़ा, पत्थलगांव, सुरेशपुर, सुखरापारा, केरसई, सिंगीबहार, तपकरा, लवाकेरा, अंकिरा, पंडरीपानी, फरसाबहार, कोल्हेनझरिया, बाबू साजगहार, पतराटोली सहित अन्य जगहों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### तैयार हो रहा 60 फीट का पुतला

जशपुर शहर में रैनीडांड़ की चार पुतलों का निर्माण स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। वहीं रणजीता ग्राउंड में 60 फीट ऊंचा विशालकाय रावण बनाने का काम बंगाल से आए कलाकार कर रहे हैं। रावण तैयार करने के लिए सबसे पहले लंबी लकड़ी गाड़ी गई है। शरीर के अंग बांस से तैयार किए गए हैं। रावण के घड़ों का निर्माण भी लकड़ी और बांस से किया गया है। भीतर में पुआल भरा गया है। शानदार आतिशबाजी के लिए भी टीम बाहर से बुलाई गई है। रावण दहन से पहले करीब एक घंटे तक आतिशबाजी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर लगा आयुष स्वास्थ्य शिविर



**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार जशपुर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 117 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण किया गया। इनमें आयुर्वेद पध्दति से 75 एवं होम्योपैथिक पध्दति से 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में है। जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक दीपक एक्का, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी हरिकृष्ण वास, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय साहू, आयुर्वेद फार्मासिस्ट शरद साहू, कुलदीप जगत उपस्थित रहे।

### 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले के 8 जनपद प पंचायतों में प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई का स्थापना किया गया है। जिसमें इच्छुक रिसाइकल्स,फर्म या थर्ड पार्टी द्वारा प्लास्टिक व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट में बेलिंग, फटाका, श्रेडींग या ग्राइडर,वजन मशीन व अन्य आवश्यक उपकरण का प्राथमिक चरण में प्राथमिकता पूर्वक संचालित करते हुए कार्य का क्रियान्वयन सह संचालन कर संपादित किया जाएगा। पीडब्ल्यूएम इकाई का क्रियान्वयन सह संचालन शासन या जिला द्वारा तय नियम व शर्तों के अधिन होगा। इस संबंध में इच्छुक रिसाइकलर्स या फर्म जिला पंचायत कार्यालय में 15 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।जिला स्तर पर गठित समिति, कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा प्राप्त अनुमोदन उपरांत प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई के संचालन हेतु रिसाइकलर्स या फर्म का चयन किया जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** गांव में खेत के समीप घास काट रही महिला करंट की चपेट में आ गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लहपटरा निवासी अमृता राजवाड़े पति मोतीराम राजवाड़े (36 वर्ष) सोमवार की दोपहर गांव के ही सुनती, तिलेश्वरी व मीना के साथ घास काटने गई थी। महिलाएं सूरज राजवाड़े के खेत के समीप घास काट रही थी तभी फसल को सुरक्षित करने के लिए लगाए गए करंट की चपेट में अमृता आ गई जिससे मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### नेशनल किकबॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

**अम्बिकापुर।** नेशनल किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में 22 से 26 सितम्बर तक जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम से 34 खिलाड़ी और 7 अधिकारी नेशनल कोच सरवर एक्का के नेतृत्व में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छग के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 10 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए है।

## जशपुर जिले के सभी गायत्री प्रज्ञापीठों में हुई नौ दिवसीय साधना

# गायत्री शक्तिपीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कई प्रकार के संस्कार भी कराए गए

शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर्व में गायत्री शक्तिपीठ जशपुर में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूरे विधि विधान से श्रद्धालुओं ने यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान की। जिसमे 5 पालियो में श्रद्धालुओं ने हवन किया एवं गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र मंत्र से आहुति प्रदान करते हुए पूरे विश्व के कल्याण की कामना की गई।

इसके साथ मां दुर्गा की भी स्तुति करते हुए आहुतियां प्रदान की गई एवं नौ दिवस अनुष्ठान करने वाले परिजनों ने पूर्णाहुति की। इसके साथ ही नामकरण, अन्नप्राशन, जन्मदिवस एवं दीक्षा संस्कार भी कराए गए। मंच का संचालन महिला मंडल जशपुर के द्वारा किया गया जिसमें श्वेता दुबे, निद्रावती चौहान, सावित्री पैंकरा, राजेश्वरी साहू एवं माया सिंह के नाम शामिल है।





यज्ञ के दौरान निद्रावती चौहान ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन मे उपासना स्वाध्याय संयम सेवा के गुणों को अपनाकर अपने जीवन को महान बनना चाहिये। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र महामंत्र है जिसके जप ध्यान से आयु, कीर्ति, धन एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। श्वेता दुबे ने कहा कि नवरात्रि पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। यह शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक शुद्धि का त्योहार है, जो प्रकृति के साथ चेतना को जोड़ने का अवसर देता है। राजेश्वरी साहू ने कहा कि नौ दिनों के उपवास से शरीर के विषैले तत्व बाहर निकलते हैं, शरीर और मन शुद्ध होते हैं, और साधक को आत्मबल, सकारात्मक ऊर्जा व आंतरिक शांति प्राप्त होती है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के सभी प्रज्ञा संस्थानों में कलश स्थापना की गई थी। जिसमे गायत्री शक्तिपीठ जशपुर, गायत्री प्रज्ञापीठ मनोरा, लोदाम, टुकुटोली, बड़ाबनाई, दुलदुला, कुनकुरी, चेटबा, बगीचा, बेलडेगी, राईडाँड़, बागबहार, बंदरचुवा, केराडीह, पत्थलगांव, सन्ना में नौ दिनों तक साधना एवं आराधना का क्रम चला एवं नवमी के दिन पूर्णाहुति हुई।

### कराया गया कन्या भोज

इस दौरान नौ कन्यायो को सर्वप्रथम मंत्रोचार के साथ कन्यापूजन किया गया एवं उन्हें विधिवत कन्याभोज कराया गया । जिसमें गायत्री परिजनों के साथ ही नगर की माताओ बहनो ने कन्या भोज में नौ कन्यायो को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया एवं उन्हें भेंट प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार ट्रस्ट मंडल जशपुर एवं नगर एवं आस पास के गांवों के नागरिकों, माताओ, बहनो का सहयोग सराहनीय रहा।



# मोबाइल शॉप में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- चार आरोपी गिरफ्तार, बरामद लाखों रुपये का मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान

जिले के थाना बगीचा क्षेत्र के महादेव डांड में स्थित तनवीर मोबाइल शॉप में हुई चोरी का जशपुर पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा। आरोपियों के कब्जे से चोरी का लगभग 3.20 लाख रुपये का मोबाइल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 27 सितंबर 2025 को प्रार्थी जाकिर हुसैन उम्र 34 वर्ष, निवासी सुखबासु पारा, वार्ड 07, थाना बगीचा अपनी मोबाइल शॉप तनवी मोबाइल शॉप, महादेव डांड बंद कर बगीचा लौट गए थे। अगले दिन, 28 सितंबर 2025, सुबह लगभग 08:30 बजे, जब प्रार्थी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर टूटा हुआ है और दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसके दूकान से जियो भारत मोबाइल फोन 9 नग,जियो फोन 22 नग,सैमसंग फोन 5 नग,अन्य ब्रांड के मोबाइल और स्मार्ट वॉच 12 नग,बीटी बॉक्स, हेडफोन, ईयरबड्स, चार्जर और टॉर्च सभी सामान की अनुमानित कीमत लगभग 3,20,000 बताई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर थाना बगीचा में तत्काल बीएनएस की धारा 305 (क), 331(4) व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की।

### मुखबिर की सूचना पर मिला सुराग

प्रार्थी के रिपोर्ट के बाद पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही तकनीकी टीम और मुखबिर जानकारी का सक्रिय रूप से उपयोग किया और संदिग्धों से पूछताछ और पहचान की। मुखबिर सूचना के अनुसार, डॉन तिर्की को चोरी की रात महादेव डांड में संदिग्ध रूप से देखा गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।शुरुआत में आरोपी पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर रहा था, लेकिन मनोवैज्ञानिक पूछताछ के दौरान उसने संपूर्ण योजना स्वीकार कर ली। डॉन तिर्की ने बताया कि उसने यह चोरी अपने तीन साथियों अरविंद टोप्पो, एलरिक बेक और पुरन थापा के साथ मिलकर अंजाम दी।

### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने चोरी के मामले में डॉन तिर्की, उम्र 18 वर्ष, महादेव डांड, थाना बगीचा, अरविंद टोप्पो, उम्र 24 वर्ष, महादेव डांड, थाना बगीचा, एलरिक बेक, उम्र 22 वर्ष, महादेव डांड, थाना बगीचा, पुरन थापा, उम्र 23 वर्ष, विरापट्टी, थाना बड़ागांव, उत्तर प्रदेश (वर्तमान निवासः महादेव डांड, थाना बगीचा) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से आरोपियों की निशानदेही मोबाइल फोन 61 नग,स्पीकर बॉक्स 9 नग,चार्जर 7 नग,हेडफोन 10 नग,ईयरबड्स 5 नग,टॉर्च 4 नग बरामद कर लिया। सभी सामान पुलिस ने जप्त कर मालिक को वापिस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री निवास बगिया में कन्या भोज



नवरात्रि पर्व पर परंपरागत रूप से कन्या पूजन और भोज का विशेष महत्व होता है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री निवास बगिया में नवमीं तिथि पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने स्वयं उपस्थित होकर नौ कन्याओं का पूजन किया और उन्हें ससम्मान भोजन कराया। भोज से पहले कन्याओं के चरण धोकर उनका स्वागत किया गया। उन्हें चुनरी, कुमकुम और फूल अर्पित कर देवी स्वरूप मानकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद प्रेम और श्रद्धा के साथ पारंपरिक व्यंजनों का परोसा गया। कौशल्या साय ने कहा कि कन्याओं में मां दुर्गा का स्वरूप निहित होता है, और इनका पूजन करने से सुख-समृद्धि, शांति और शक्ति की प्राप्ति होती है। उन्होंने नवरात्रि पर्व पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी कन्या भोज में सहभागिता की और नवरात्रि पर्व की महत्ता को महसूस किया। मुख्यमंत्री निवास का वातावरण पूरे दिन भक्तिमय और उत्सवमय बना रहा।

## अर्चना गोस्वामी के सुरीले भजन पर झूमे नगरवासी



शहर में इन दिनों चल रहे गरबा उत्सव से पूरा शहर भक्ति रस में डूबा हुआ है। बुधवार को शहर के हरिकीर्तन भव के प्रांगण में चल रह अक्स गरबा महोत्सव में झारखंड की प्रसिद्ध गायिका अर्चना गोस्वामी ने अपनी सुरली आवाज में भक्ति संगीत का जादू बिखेरा। पंखिड़ा ओ पंखिड़ा,राधे-राधे हम है राधे के दीवाने है जैसे भक्ति संगीत पर शहर के श्रद्धालु देर रात क झूमते रहे। गरबा में शामिल होने के लिए श्रद्धालु पारम्परिक परिधान और वेशभूषा में पहुंच रहे हैं। अक्स गरबा महोत्सव में शामिल होने वाले सौ प्रतिभागियों को प्रतिदिन आयोजकों की ओर से पुरस्कार दिया जा रहा है। इनमें से एक प्रतिभागी को सोने की प्रतिमा का विशेष पुरस्कार भी शामिल है। मंगलवार को विजय आदित्य सिंह जूदेव ने यह पुरस्कार प्रतिभागी सेजल सहानी को दिया। गरबा महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार की रात को भी अर्चना गोस्वामी प्रस्तुति देगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय वरिष्ठजन सम्मान समारोह

# वरिष्ठजन के अनुभव का लाभ ले नई पीढ़ीः भगत

- विधायक रायमुनी भगत ने वरिष्ठजन का किया सम्मान

**जशपुरनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय वरिष्ठजन सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला पंचायत सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक जशपुर रायमुनी भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, समाज कल्याण अधिकारी समीर बड़ा सहित बड़ी संख्या पर वरिष्ठ जन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक भगत ने वरिष्ठजनों को शाल, फल एवं सहायक उपकरण प्रदान कर वरिष्ठ जनों का सम्मान किया और कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की नींव हैं, हमारी सांस्कृतिक विरासत, परम्परा को आज भी बनाये रखते हुए आने वाली पीढ़ी को स्थानांतरित करने का भी कार्य कर रहे हैं। आप सभी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन कर रहे हैं। युवाओं और नई पीढ़ी को आवश्यकता है कि वृद्धजनों के अनुभवों, संस्कारों और परंपराओं को जाने और उनका लाभ भी लें।




उन्होंने कहा कि इस दुनिया में जीवित भगवान का रूप होते हैं हमारे वरिष्ठ जन, जिन्होंने हमारा पालन पोषण किया और हमारी उन्नति के लिए हमेशा उचित मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी को बताया की शासन द्वारा वृद्धजनों की सहायता के लिए 70 से अधिक आयु वालों को 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, पेंशन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही दवाइयों पर भी जीएसटी की दर शून्य कर दी गयी है। नगर पालिका अध्यक्ष भगत ने कहा कि वृद्धजन हमारी युवा पीढ़ी के लिए परंपरा के संवाहक और संस्कृति के संरक्षक का कार्य करते हैं। हम सभी को अपने परिजनों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका आप सभी को लाभ लेना चाहिए, यह आपका अधिकार है।

## कोकिया नाला पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा अनुरूप जिलेवासियों के लिए विकास का नया द्वार खुल गया है। जिले के कोतबा –लावकेरा मार्ग पर कोकिया नाला में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए शासन से 4 करोड़ 14 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।क्षेत्र वासियों की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सराईटोली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान घोषणा की थी।सीएम साय ने घोषणा पूरी करते हुए कोकिया नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मंजूरी दी है।यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले को झारखंड और ओडिशा राज्यों से जोड़ता है।वर्तमान में जर्जर और सकरे पुल के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी होती थी, खासकर बरसात के दिनों में जब नाला उफान पर होता था और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था, साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती थी। नए पुल के निर्माण से न केवल ग्रामीणों को राहत मिलेगी, बल्कि तीन राज्यों के बीच संपर्क और और भी अधिक मजबूत होगा। व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह मार्ग वरदान साबित होगा। आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और अग्निशमन वाहन भी अब सुगमता से गुजर पाएंगे।



72 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 4.53 करोड़ रुपए स्वीकृत जशपुर से कुसमी होते हुए अंबिकापुर जाने वाले राहगीरों की राह अब और भी आसान होने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्टेट हाइवे क्रमांक-12 के जशपुर–सन्ना मार्ग पर डुमरटोली के पास स्थित मरगा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। लगभग 72 मीटर लंबाई के इस पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 4 करोड़ 52 लाख 96 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## खबर संक्षेप



### जिपं सदस्य बेला कुशवाहा ने दुर्गा पंडालों में की पूजा

वाड्रफनगर। जिपं सदस्य श्रीमती बेला अनिल कुशवाहा ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर दुर्गा पूजा पंडालों में माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पंडालों में पुजारियों को शॉल और वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया तथा दुर्गा पूजा समितियों को सहयोग राशि प्रदन की।

### बिजली बिल बढ़ोत्तरी को लेकर युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



रामानुजगंज। युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेशभर में भाजपा सरकार द्वारा की गई बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी और लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह के मार्गदर्शन में विजयनगर एवं महावीरगंज क्षेत्र के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महावीरगंज बिजली कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल की प्रतियों को जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मिखाएल एक्का, नीरज गुप्ता, इंतखाब अंसारी, सुमंत यादव, राजेश गुप्ता, राजू अंसारी, अशफाक अंसारी, सदाकत अंसारी, रवि गुप्ता, रवींद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, धीरज सिंह, गौतम सिंह, आकाश ठाकुर, हृदय सिंह, शहीद अफरीदी रज़ा, तौफीक अंसारी, कबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल



**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना पर टीम ने न सिर्फ एक नशे के कारोबारी को पकड़ा बल्कि उसके पास से 1 लाख 75 हजार कीमत के 178 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा नशेडियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात क्षेत्र में गश्त करने के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्रीपारा निवासी सूरज यादव बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 0906 से हर्रा टिकरा पुलिया मेडिकल कॉलेज के समीप भारी मात्रा में इंजेक्शन का सप्लाई करने वाला है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता टीम ने मेडिकल कॉलेज हर्रा टिकरा पुलिया के पास घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को पकड़ा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सूरज यादव बताया जिस पर टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से 1 लाख 75 हजार कीमत के 178 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने बाइक सहित नशीले इंजेक्शन को जब कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता सक्रिय रहे।

### मंदिर में पूजा करने गई महिला के गले से चोरों ने पार किया सोने का लॉकेट

अम्बिकापुर। बौरीपारा हार्डवेयर गली निवासी अर्चना केसरी पति सुनील केसरी (35 वर्ष) सोमवार की शाम परिवार के साथ पूजा करने गई थी। पूजा करने के दौरान ही चोरों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट पार कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब महिला पूजा कर बाहर निकली तो देखा गले में 28 हजार कीमत के जीवतिया लॉकेट नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जब लॉकेट का पता नहीं चला तो घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की।

### बारी दिवस पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

**अंबिकापुर।** मंगलवार को अष्टमी के अवसर पर बारी समाज ने बारी दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान समाज की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान समाज के लोगों ने बताया कि शारदीय नवरात्री के अष्टमी को बारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वीर शिरोमणि रूपन बारी की जयंती अंबिकापुर के गोधनपुर में मनाई गई। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि रुपन बारी और किरत बारी के वीर गाथाओं के बारे में बताया गया और समाज के लोगों को उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके साथ ही समाज की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## हुई संधि पूजा, दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

# अष्टमी पर हुई विशेष पूजा अर्चना, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कराया गया कन्या भोजन

शारदीय नवरात्र के महा अष्टमी के मौके पर शक्ति पीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान शहर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में विधि विधान से महा अष्टमी की विशेष पूजा के साथ ही संधि पूजा की गई। मंदिरों में माता के दर्शन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी मां महामाया स्थित कुल देवी मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से संधि पूजा की और अपने व परिवार के साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

शारदीय नवरात्र में सरगुजा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। शहर सहित जिलेभर के शक्तिपीठों में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है इसके साथ ही दुर्गा पंडालों में भी बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे है। इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने के कारण शारदीय नवरात्रि दस दिनों की है। यही वजह है कि नवरात्र को लेकर श्रधालुओं ने खासा उत्साह है। श्रद्धालु उपवास रखने से साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पंडालों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ ही भंडारे का आयोजन किया जा रहा है और दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जा रही है। मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर भी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। शहर के प्रसिद्द मां महामाया मंदिर में सुबह पांच बजे से ही भक्तों की भीड़ पहुचनी शुरू हो गई थी। सुबह पांच से शाम दस बजे तक बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना पर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। शहर के दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, वन देवी मंदिर, काली मंदिर, लखनपुर के प्राचीन भवानी मंदिर, जजगा के रामपुरहिन मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही शाम के समय बड़ी संख्या में लोग पंडालों में भी माता के दर्शन के लिए पहुंचे थे। मंदिर व दुर्गा पंडालों में देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं आज घरों में भी लोगों ने नवरात्रि का व्रत रखने के साथ ही माता की के आठवें रूप महागौरी की पूजा अर्चना की और विधि विधान से हवन पूजन किया।



महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने की संधि पूजा, 2 को होगी शस्त्र पूजा

शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी एवं नवमीं के संधि अवसर पर सरगुजा राजपरिवार के द्वारा अपनी कुलदेवी मां महामाया को की जाने वाली विशेष श्रृंगार पूजा जिसे संधि पूजा के नाम से भी जानते हैं आज मां महामाया मंदिर में सम्पन्न हुई। सरगुजा राजपरिवार के वर्तमान मुखिया एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने पारिवारिक परम्पराओं का निर्वहन करते हुए मां महामाया मंदिर पहुंच मां की विशेष श्रृंगार, संधि पूजा की। अम्बिकापुर में स्थित मां महामाया मंदिर में विराजमान मां महामाया सरगुजा राजपरिवार की कुलदेवी हैं तथा प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर राजपरिवार द्वारा परम्पराओं का निर्वहन करते हुए संधि पूजा की जाती है। इस अवसर पर सरगुजा राजपरिवार द्वारा सर्वप्रथम मां महामाया इसके उपरांत मां



समलाया और रघुनाथ पैलेस पहुंच कर फाटक पूजा, द्वार पूजा की जाती है जिसके बाद औपचारिक रूप से सरगुजा पैलेस के दशहरे की शुरुआत होती है। मां महामाया मंदिर में राजपुरोहित एवं बैगाओं के माध्यम से पूजा सम्पन्न हुई। जबकि पैलेस में फाटक व द्वार पूजा बैगाओं के द्वारा की जाती है। सबसे पहले बैगा पूजा उपरांत पैलेस में प्रवेश करते हैं इसके पश्चात उनकी अनुमति से राजपरिवार के मुखिया व अन्य सदस्य पैलेस में प्रवेश करते हैं। पैलेस में स्थित कचहरी में गद्दी पर सरगुजा राजपरिवार के मुखिया बैठते हैं और मौजूद लोगों से हालचाल लेते हैं इस दौरान कई लोग उनका दर्शन करते हैं। सरगुजा राजपरिवार के मुखिया एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने इस अवसर पर परिवार के परम्पराओं का निर्वहन करते हुए पूजा अर्चना की। दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को दोपहर 12.30 से 2 बजे के मध्य शस्त्र पूजा, नगाड़ा पूजा सहित विभिन्न पूजा सम्पन्न होंगे और इसके पश्चात सरगुजा पैलेस को आमजनों के लिये खोला जायेगा। संधि पूजा अवसर पर राजपुरोहित द्विपेश पांडेय, बालकृष्ण पाठक, डॉ. एमपी अग्रवाल, शशीभाल सिंह, इन्द्रजीत सिंह धंजल, विनोद गुप्ता, आशीष वर्मा, अनिल सिंह, अमित सिंह, सतीश बारी, ऋषिकेश मिश्रा, सी. अनिल, नवीन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# महा अष्टमी तिथि पर देवीधामों में भक्तों की उमड़ी भीड़

**बिश्रामपुर।** शारदीय नवरात्रि की महा अष्टमी तिथि पर आज मंगलवार को देवी धामों व दुर्गा पंडालों में सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी दिखी,श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना कर जगत कल्याण की कामना की,गौरतलब है कि मंगलवार को शारदीय नवरात्रि पर आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा के अलावा कोयलांचल समेत आसपास इलाके में स्थित दुर्गा पंडालों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा,भक्तों द्वारा मातारानी की विधिवत पूजा अर्चना की और कई जगहों पर सार्वजनिक कन्या भोज का आयोजन भी किया गया, श्रद्धालुओं द्वारा कन्याओं को भोज कराकर यथाशक्ति दान भी किए,शारदीय नवरात्रि के अवसर पर समलेश्वरी महामाया मंदिर केनापारा प्रांगण में रात में गरबा डांडिया का भी आयोजन किया गया,शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की विधिवत पूजा अर्चना की गई, महागौरी को सौम्यता और शांति का प्रतीक माना जाता है, माता महागौरी को भगवान महादेव की अर्धांगिनी के रूप में भी पूजा जाता है, शारदीय नवरात्रि पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत द्वारा भी अजबनगर, मदनपुर, सिलफिली, कमलपुर, पार्वतीपुर, केनापारा व अन्य दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मत्था टेक आमजन की खुशहाली की कामना की गई, शारदीय नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल निर्मित हो गया है,महा अष्टमी तिथि पर राजापुर दुर्गा पूजा समिति द्वारा



राजापुर पंचायत के समीप सार्वजनिक करमा प्रतियोगिता का भी भव्य आयोजन कराया गया जिसमें आसपास के दर्जन भर से अधिक गांवों के लोग शामिल हुए,इसके साथ ही जगह जगह सार्वजनिक भंडारा का भी आयोजन दुर्गा पंडालों में किया गया।



**संकटमोचन हनुमान मंदिर गरबा आज**-शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा नवमी तिथि को बिश्रामपुर बस स्टैंड के समीप स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में गरबा डांडिया कार्यक्रम 1 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।

# नगर में हर्षोल्लास से हुआ संधि पूजन बड़ी संख्या में महिलाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शारदीय नवरात्र के अष्टमी और नवमी तिथि के संधिकाल में नगर के सभी दुर्गा पंडालों में परंपरागत तरीके से संधि पूजन का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के साथ किया गया। पूजा दोपहर 1.36 बजे से 1.44 बजे के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विशेष रूप से नवयुग दुर्गा पूजा समिति, पीपल चौक के दुर्गा पंडाल में भव्य संधि पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें 1 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर देवी की आराधना की। नगर के अन्य दुर्गा पंडालो सभी को मिलाकर 5 हजार से अधिक महिलाओं ने संधि पूजा में भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में शामिल होकर दीप प्रज्वलन, हवन, मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन के दौरान माता रानी को दीपों से आरती अर्पित की गई और पुष्पांजलि के साथ भक्तों ने परिवार और समाज के सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा समिति द्वारा व्यवस्था बेहद सुंदर और अनुशासित रही, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।



पीपल चौक दुर्गा मंडप में पूजा करने वाले पुजारी नंदलाल उपाध्याय ने बताया की संधि पूजन मां ज्वाला के सम्मान में दीप प्रज्वलन किया जाता है उन्होंने असुरों का वध किया था। इस दिन चतुष योगिनी माँ से प्रार्थना की जाती है। नगर के अन्य प्रमुख दुर्गा पंडाल शास्त्री चौक, वार्ड क्रमांक 1, मध्य बाजार में दो स्थानों पर, खोपा महुआ, बिजली ऑफिस, वार्ड क्रमांक 13 सहित अन्य पंडालों में भी संधि पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ।

# बंद पड़ी खदान से कोयला निकालने दौरान युवक के ऊपर गिरा स्लैब, दबने से मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल भटगांव की बंद पड़ी दुग्गा ओपन कास्ट पोखरिया खदान से अवैध रूप से कोयला निकालने के प्रयास में सोमवार को सरगंवा निवासी युवक की दबकर मौत हो गई है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची भटगांव पुलिस ने भटगांव कॉलरी के रेस्क्यू टीम को सूचना देकर मौके पर बुलवा रेस्क्यू अभियान चलाया, पहले दिन सफलता नहीं मिलने व रात हो जाने के कारण रेस्क्यू अभियान को रोकना पड़ा,आज मंगलवार को दूसरे दिन पुनः एक बार रेस्क्यू अभियान चलाया गया।



कुछ घंटों की मशक्कत के बाद युवक के शव को बरामद कर लिया गया है,भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने बताया कि युवक की पहचान शिवा चेरवा के रूप में की गई है जो सरगांवा निवासी बताया गया है,बताया गया कि उक्त खुली खदान करीब 12 वर्षों से बंद पड़ी हुई है,प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से खदान पहुंच मार्ग को बाधित करने के उद्देश्य से कंक्रीट की दीवार खड़ी की हुई है,दीवार के बाजू ही वह कोयला निकाल रहा था,तभी स्लैब ढह गई और वह दब गया,खबर है कि उसके साथ अन्य लोग भी थे जो घटना के बाद भय से मौके से भाग निकले और शिवा के परिजनों को घटना की सूचना दी,तत्पश्चात परिजन भटगांव थाना पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया है,बताया गया कि मृतक अपने ससुराल में रहकर जीवन यापन करता था,वह सरगंवा वार्ड नंबर दो निवासी टूका बैगा का दामाद था,शव बरामद होने के बाद भटगांव पुलिस ने शव का पीएम व पंचनामा कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है।बता दें कि एसईसीएल के बिश्रामपुर,भटगांव क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन के दौरान अब तक सैकड़ों लोगों की जाने जा चुकी हैं।प्रबंधन बंद खदानों से अवैध उत्खनन रोकने करोड़ो रुपये अब तक खर्च चुका है, जिसके तहत बंद खदानों के चारों तरफ पत्थर की रिटर्निग वॉल और अब पॉवर प्लांटों से निकलने वाले राख को खुली खदानों में भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी कमेटी के सदस्य ने ली समाज प्रमुखों की बैठक

**अंबिकापुर।** अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ने सरगुजा आगमन पर जैन मैत्री संघ ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया। इसके साथ ही कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अल्पसंख्यक समुदाय की बैठक आयोजित की गई जिसमें सदस्य प्रकाश मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता एवं योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी।



इस दौरान उन्होंने जैन समाज के अध्यक्ष विक्रांत जैन, मनोज डागा, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि शफी अहमद, इरफान सिदकी, सिख समाज के रविन्द्र टुटेजा, पार्षद पपिंदर सिंह, ईसाई समाज के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय को भी अपने अधिकारों के लिए जागरूक करने के केंद्र सरकार की योजना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री धुर्वे द्वारा योजना के अंतर्गत किस योजनाओं के लिए किए जाने वाले आवेदनों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने अल्पसंख्यक समुदाय को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस बैठक के पश्चात प्रकाश मोदी ने जैन मंदिर में उपस्थित होकर सभी जैन समाज के लोगों को सम्बोधित किया। बैठक में डॉ. एमके जैन, अशोक जैन, अजीत जैन, श्रीमती रूबी जैन, राहुल जैन, अतुल जैन, रमेश जैन, अखिलेश जैन, राजेश जैन, श्रीमती अंकिता जैन, जयंत जैन, सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा नेता के खिलाफ अपराध दर्ज करने सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दिए जाने के बाद कांग्रेस में खासा आक्रोश है। इस घटना के बाद सरगुजा में भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर कोतवाली थाना पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि पिंटू महादेवन केरल राज्य में भाजपा के प्रवक्ता की हैसियत से टीवी डिबेट में हिस्सा लेता है। नेपाल में हुए प्रदर्शन पर एक मलयाली चैनल के डिबेट में उसने विवादास्पद टिप्पण दी। महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता का बयान यह प्रदर्शित करता है कि वे लोकतांत्रिक प्रतिरोध को बर्दाश्त नहीं कर सकते, और साम-दाम-दंड-भेद से लोकतांत्रिक प्रतिरोध के दमन का प्रयास करते हैं। इस दौरान उनके साथ इंद्रजीत धंजल, अनूप मेहता, जमील खान, वेद प्रकाश शर्मा, निकी खान, मो इमरान, दिनेश शर्मा, आशीष शील, जमशेर खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।




### अपराधिक मानसिकता को दे रहे शरण : सिंहदेव

इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी ट्वीट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रवक्ता ने लाइव टीवी पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हत्या की धमकी दी। यह अक्षम्य और कानूनन अपराध है। यह सिर्फ किसी नेता के खिलाफ नहीं, बल्कि किसी भी नागरिक के खिलाफ हो तो भी ऐसा कहना अपराध ही है। लोकतंत्र में राजनीतिक असहमतियों पर बातचीत संविधान और शांति के दायरे में होनी चाहिए। हिंसा और हिंसक भाषा की कोई जगह नहीं। ऐसे बयान दिखाते हैं कि राहुल गांधी की निर्भीक लड़ाई से भाजपा-आरएसएस बुरी तरह घबरा गए हैं और उनका असली चेहरा सामने आ रहा है। मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ और भाजपा अध्यक्ष नड्डा जी से मांग करता हूं कि दोषी पर तुरंत और सख्त कार्रवाई करें। अगर ऐसा नहीं होता तो यह साफ है कि भाजपा अपराधियों और आतंकी मानसिकता को शरण दे रही है।

## मर्सिडीज कार दिलाने के नाम पर 48 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चिकित्सक को मर्सिडीज कार दिलाने के नाम पर 48 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस में महाराष्ट्र से आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोपड़ापारा निवासी डॉ. अभिजीत जैन ने अपने एक साथी चिकित्सक के माध्यम से पुरानी मर्सिडीज कार लेने के लिए मुम्बई कांदिवली निवासी जैद जाफर खान व अन्य लोगों से संपर्क किया था।



जैद जाफर खान ने पूर्व में भी एक चिकित्सक को पुरानी मर्सिडीज कार दिलाई थी। ऐसे में उसने भी एक मर्सीडीज कार का सौदा 48 लाख रुपए में किया था और पहली किश्त 14 लाख 50 हजार रुपए अगस्त 2020 में दिया था। इस दौरान कुछ दस्तावेजी काम शेष रहने का हवाला देकर जैद जाफर खान ने अपने ड्राइवर के माध्यम से दूसरी कार भेज दी और शेष 33 लाख 50 हजार रुपए चालक के हाथों भेजने के साथ ही कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने तक भेजे हुए कार से काम चलाने को कहा था। ऐसे में डॉ.जैन ने उसे 17 लाख 50 हजार रुपए दिए और कार को रख लिया। इसके बाद लगातार जैद जाफर खान लगातार शेष बचे हुए पेमेंट को भेजने के लिए चिकित्सक पर दबाव बनाता रहा और पैसे भेजने पर ही पसंद की गई मर्सिडीज कार देने की बात कही ऐसे में उसने 11 लाख रुपए जैद जाफर खान के खाते में भेज दिया। ऐसे में जैद जाफर खान 7 फरवरी 2021 को खुद शहर में आया और शेष बचे हुए 5 लाख रुपए और पूर्व में भेजी गई कार को यह कह कर ले गया कि उसकी कार ड्राइवर से भेज देगा लेकिन पैसे और कार लेकर जाने के बाद जैद खान ने चिकित्सक का फोन उठाना ही बंद कर दिया।

# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक



**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।

## लाइफ Style

# हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी



हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# टूट गई निकोल की दूसरी शादी




**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

## टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...

*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*



**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है। दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।



### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज़ (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पुसौर के बोरोडिपा में दुर्गोत्सव का 21वां वर्ष

**पुसौर।** पुसौर के वार्ड क्रमांक 1,2,15 बोरोडिपा क्षेत्र में आते हैं और यह क्षेत्र पुसौर बस्ती से लगभग 2 किमी दूर होने की वजह से यहां के श्रद्धालुजनों को उतनी दूरी तय कर मां भगवती की उपासना के लिए काफी तकलीफ होती थी, वहीं अव्यवस्थाओं का भी सामना करना पड़ता था इसलिए वर्ष 2004 में इस क्षेत्र के लोगों ने दुर्गोत्सव को प्रारंभ किया। तात्कालीन समय में इसके पूजा के लिए वरिष्ठ शिक्षक पंडित मोहन सतपथी को आचार्य पद के लिए आयोजकों ने वरण किया और इनके मार्गदर्शन में नियुक्त अन्य पंडितों के सहयोग से लगातार आज 21 वर्ष हो गए यह आयोजन अनवरत जारी है। उक्त दुर्गापंडाल में श्रद्धालुओं की संख्या सिमित और आयोजकों के उचित देखरेख की वजह से पूजा कार्य के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम सलिके के साथ समय में संपन्न होता रहा है। बताया जाता है कि उक्त दुर्गा मंडप मैदान क्षेत्र में हास्पीटल बनने वाला है इसलिए आयोजकों के मन में एक टीस देखने को मिला। इनका कहना है कि यदि यहां हॉस्पिटल बन जायेगा तो आगामी समय में हम कहां दुर्गापुजा करेंगे।

### दुर्गोत्सव के 50वें वर्ष में गरबा का अनुपम समावेश

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के सार्वजनिक दुर्गोत्सव का यह 50वां वर्ष है, जिसमें इसे संपन्न कराने लोगों के एकजुटता एवं लगन इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि प्रतिवर्ष अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सजावट श्रद्धालुओं को देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक इसकी शुरूआत 1975 से हुई है, जिसमें पुसौर ही नहीं बल्कि क्षेत्र के सभी ग्रामों के तात्कालीन गणमान्य एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग रहा। पुसौर के बडे बुजुर्ग बताते हैं कि इसके सुत्रधार स्व. सुर्यदास महाणा आदि लोगों का रहा जिनका आना जाना आए दिन बहार रहता था। रायगढ़ जिला मुख्यालय को छोडकर सर्वप्रथम 1972 में यह आयोजन सरिया में हुआ जिससे प्रेरित होकर पुसौर में यह आयोजन हुआ। इसमें मुख्यतः तात्कालीन ब्लाक के अधिकारी व सरपंचों ने विशेष रूचि लिया जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के तमाम गांव के लोगों की सहभागिता होने से यह आयोजन एक मेले में तब्दील रही। पूजा कार्य के लिए आचार्य के रूप में बरमकेला झनकरपुर के निवासी व आरण्यक ब्राम्हण समाज प्रमुख पं.बाजीराव पंडा वरण हुए थे इनके साथ ही अन्य पंडित के सहयोग से प्रारंभ हुआ था।

### एनआईटी राउरकेला को मिला एआई पेटेंट

**राउरकेला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी राउरकेला के शोधकर्ताओं ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अनूठा एआई मॉडल विकसित किया है, जिसे पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह मॉडल वाहनों के बीच संचार प्रणाली वेहिकुलर एड हॉक नेटवर्क्स को और सक्षम बनाने पर केंद्रित है। एडेप्टिव कॉन्टेंशन विंडो ऑप्टिमाइजेशन इन यूजिंग मल्टी एजेंट डीप रिइन्फोर्समेंट लर्निंग शीर्षक से दर्ज इस पेटेंट को कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. अरुण कुमार, प्रो. बिभुदत्त साहू और शोधार्थी डॉ. लोपामुद्रा होता ने संयुक्त रूप से दायर किया है। इस तकनीक के जरिये वाहन अचानक ब्रेक, सड़क पर अवरोध या आपात स्थिति की जानकारी एक दूसरे को रीयल टाइम में दे पाएंगे।

### 9 लाख की चोरी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र से 9 लाख की चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में फरार दो आरोपी पहले से ही अन्य प्रकरण में जेल में बंद हैं। दरअसल 24 सितंबर को मधुबनपारा निवासी आरजू बानो मल्लिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 अगस्त को वह अपने मायके जिंदल पतरापाली गई थीं और 21 सितंबर की शाम जब लौटीं तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। जांच में सामने आया कि दो लाख नकदी सहित 9 लाख के जेवरातों की चोरी हुई है। ऐसे में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया। वहीं मुखबिर सूचना पर संदेही इकराम खान और मोह. समीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## ऑपरेशन शंखनाद में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# कुख्यात गौ तस्कर महताब खान गिरफ्तार, गया जेल

**11 गौवंशों को सकुशल बरामद कर वाहन को जब्त किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में गौ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात गौ तस्कर महताब खान को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर थाना लोदाम, सिटी कोतवाली जशपुर और नारायणपुर थाने में गौ तस्करी के संगीन प्रकरण दर्ज हैं तथा न्यायालय ने उसके खिलाफ स्थायी वारंट भी जारी किया था।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 25 अगस्त 2025 को लोदाम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक जेएच - 01सीजी 7297 में गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन तस्करों ने वाहन को तेजी से भगा दिया। पीछा करने पर आरोपियों ने वाहन को जामटोली नदी के पास छोड़ दिया और फरार हो गए। मौके से पुलिस ने 11 गौवंशों को सकुशल बरामद किया तथा वाहन को जप्त किया।

इस मामले में महताब खान का नाम भी सामने आया था इसी तरह 23 दिसंबर 2024 को सिटी कोतवाली पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि एक ट्रक क्रमांक जेएच-01ईके-9395 में भारी संख्या में गौवंशों को झारखंड ले जाया जा रहा है। पुलिस ने लोरो घाट से काईकछार तक नाकाबंदी की। संदिग्ध ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी ट्रक को भगाकर ले गए। पीछा करने पर ग्राम काईकछार के पास ट्रक का टायर फट गया और उसमें आग लग गई। आरोपी मौके से भाग निकले थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया और ट्रक से 14 जीवित तथा 6 मृत गौवंश बरामद किया था।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**महताब है स्थाई वारंटी**

दोनों मामलों में महताब खान फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी। इस बीच लोदाम पुलिस को सूचना मिली कि महताब खान अपने गृहग्राम साईं टांगर टोली आया है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपी महताब खान के खिलाफ थाना नारायणपुर में दर्ज एक अन्य गौ तस्करी प्रकरण में न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था।

# धरती आबा योजना के तहत पांच ग्रामों को बनाया जाएगा मॉडल: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु घोषणा किए गए विकासकार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए सभी कार्यों की समय सीमा तय कर नियत समय में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

धरती आबा योजनान्तर्गत चलाये जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत संचालित विशेष कार्यक्रम के तहत विज़न 2030 के अंतर्गत ग्राम के विकास के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर योजना का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराने एवं सभी नोडल अधिकारियों को निरंतर योजनांतर्गत कार्यों का अवलोकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने धरती आबा योजनान्तर्गत प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर 5-5 ग्रामों का चयन कर उन ग्रामों को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने को कहा। उन्होंने इन मॉडल ग्रामों में प्रत्येक हितग्राही को शत प्रतिशत शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी विभागीय कार्यों को केवल ई-आफिस में माध्यम से निष्पादित करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागों का जीएसटी रिटर्न फाइल करने एवं सभी कर्मचारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की उचित देखभाल के लिए बनाए गए एनआरसी केंद्रों में लगातार बच्चों को सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# खरसिया में होगा विशाल दशहरा मेले का आयोजन

**खरसिया।** विजयादशमी महोत्सव समिति इस बार विशाल दशहरा मेला का आयोजन करने जा रही है। खरसिया का दशहरा मेला पूरे अंचल में विख्यात है। आसपास के सैकड़ों गांवों से ग्रामीण बंधु दशहरे मेले का आनंद लेने सपरिवार खरसिया आते हैं।

- **दशहरा में छत्तीसगढ़ी नाइट, राम राज्य गद्दी पर होगा सुनील पाल का हास्य कवि सम्मेलन**

2 अक्टूबर को दशहरे मेले का आयोजन नगर के टाउनहाल मैदान में होने जा रहा है। उक्त मैदान में तरह-तरह के व्यंजनों से सुसज्जित दुकाने लगेंगी और छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध आतिशबाजी भी इस बार टाउनहाल मैदान में देखने को मिलेगी। इसी दिन रावण दहन का कार्यक्रम रात्रि 7 बजे राजाराम के हाथों सम्पन्न होगा। इसके बाद छत्तीसगढ़ी नाइट का भव्य आयोजन भी समिति द्वारा रोटरी क्लब के सहयोग से रखा गया है। अगले दिन 3 अक्टूबर को राम राज्य गद्दी के पावन उपलक्ष्य में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमे देश के प्रसिद्ध हास्य कलाकार सुनील पाल लाफ्टर चैलेंज 1 का विनर मुम्बई, महाराष्ट्र, अमित शर्मा वीर रस कोटा राजस्थान, अनिरुद्ध मद्धेशिया लाफ्टर फेम कानपुर उत्तर प्रदेश, सोनल जैन श्रृंगार गीत सूरत गुजरात, सुंदर कटारिया हास्य हंगामा, हिसार हरियाणा, प्रेरणा ठाकरे हास्य व्यंग्य नीमच, मध्य प्रदेश से है, ये सभी देश के प्रसिद्ध कविगण है अपनी कवितापाठ के माध्यम लोगों को हंसाएंगे।



**रावण दहन में ये होंगे मुख्य अतिथि**

रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया व अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह सांसद राज्यसभा होंगे, उमेश पटेल विधायक खरसिया करेंगे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिखा रविन्द्र गबेल होंगी। समिति में संयोजक बजरंग अग्रवाल एलआर महेश साहू, अध्यक्ष रूपेश सराफ, सचिव उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष साहिल शर्मा चीनू, सह सचिव, राधे राठौर, सौरभ बीडी, अमित चंदवानी, विशेष आमंत्रित सदस्य में सभी पार्षदों को शामिल किया गया है। समिति के सभी लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन रात लगे हुए हैं।

### धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की राह दिखाती जुगार यात्रा

**सरिया।** कोलता समाज की पहचान उसकी समृद्धि धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहर से है। शारदीय नवरात्र में रामचंडी मंदिर सरिया में एक अनोखी यात्रा ने समाज को एकता के सूत्र में बांध रखा है। जुगार यात्रा के नाम से निकली इस यात्रा का मकसद केवल धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि, पूरे समाज को एकता में रहने का प्रेरणा देता है। हम सब अपने अपने क्षेत्र समाज के धरोहर को मुख्य धारा और विकास से जोड़ते हैं। इसी जुड़ाव को लेकर सरिया के रामचंडी मंदिर में इन दिनों जुगार यात्रा कोलता समाज का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक लिहाज से महत्वपूर्ण है और इसका व्यापक पहचान है। इस यात्रा ने लोगों को अपनी विरासत पर गर्व करना सिखाता है। दूरदराज गांवों से बड़ी संख्या में समाज के लोग अपनी कुलदेवी की आराधना के लिए आस्था और भक्ति के साथ जुगार यात्रा में शामिल होकर पूजन सामग्री, भोग प्रसाद माता में चढ़ाते हैं। शारदीय नवरात्र के अवसर पर समाज के लोग मिलकर उन्हें संरक्षित और विकसित करने का बीड़ा उठाया है। यह एक सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान मजबूत करती है। कोलता समाज का जुगार यात्रा केवल एक यात्रा नहीं एक संदेश है जिसमें अपनी धार्मिक धरोहर के लिए काम करने की प्रेरणा देती है। शारदीय नवरात्र पर जुगार यात्रा के दौरान जो अद्भुत दृश्य नजर आ रहा है वो इस बात का प्रतीक है कि कोलता समाज अपने धार्मिक धरोहर को जनजन तक पहुंचाने समर्पित है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन कोलता समाज के द्वारा से जुगार यात्रा का आयोजन किया जाता है और इस यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन महिला युवा वर्ग शामिल होते हैं और सामाजिक समरसता का परिचय देते हैं।

# मां की भक्ति में सराबोर भक्त



**राउरकेला।** शहर में मां दुर्गा के आगमन को लेकर जबरदस्त चहल पहल देखी जा रही है। जैसे तीर्थस्थलों पर भक्ति का माहौल होता है, वैसे ही शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं के मन उत्साह से भरे नज़र आ रहे हैं। अष्टमी के दिन माता की आराधना और आशीर्वाद पाने के लिए हर पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस बार बारिश पूजा में बाधा डालेगी या नहीं, इसे लेकर लोगों में संशय था, लेकिन दोपहर तक मौसम साफ़ रहा।

दोपहर 12 बजे के बाद से छोटे-बड़े सभी पंडालों में भीड़ और बढ़ गई। भक्तों की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। पंडालों में बज रहे ढाक की गूंज से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा और चारों ओर माता की महक छा गई। अष्टमी पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं ने अपनी निश्छल भावनाएं व्यक्त कीं व भक्ति में सराबोर हो भाव विव्हल हो गए। पूजक ने कहा मां से यही प्रार्थना है कि सभी परिवार व कुटुम्ब सह हमेशा सुख शांति में रहे। तभी एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा कुछ दिन पहले मैं बीमार था और सोचा था कि अष्टमी पूजा नहीं कर पाउंगा, लेकिन मां की महिमा बहुत बड़ी है, उन्होंने मुझे स्वस्थ किया। आज मैं परिवार के साथ पूजा कर घर लौट रहा हूं, मां से प्रार्थना है कि आशीर्वाद सदा बनाएं रखें।

## वेदव्यास में कांच का हैंगिंग ब्रिज नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रदेश अध्यक्ष

**राउरकेला।** लंबे इंतज़ार के बाद भी बेदव्यास में प्रस्तावित कांच का झूला पुल हैंगिंग ब्रिज अब नहीं बन पाएगा। राज्य सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना को बदल दिया है। अब कांच के पुल की जगह पैदल चलने योग्य सीमेंट ब्रिज का निर्माण किया जाएगा।

गौरतलब है कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार ने लगभग 25 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी, लेकिन तत्कालीन राज्य सरकार की अनुमति न मिलने से राशि वापस लौट गई। बाद में इस वर्ष 29 मार्च को राउरकेला दौरे पर आए राज्य के कानून, सड़क एवं भवन निर्माण मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने लगभग 35 करोड़ रुपए की लागत से कांच का आधुनिक झूला पुल बनाने की घोषणा की थी। छह माह बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं हो सका और अब अचानक निर्णय बदल दिया गया है। इस फैसले पर शहरवासियों और विभिन्न संगठनों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि यदि सुरक्षा कारणों से योजना बदली जानी थी तो पहले ही साफ कर दिया जाता, ताकि जनता को भ्रमित न किया जाता। यह पूरी तरह स्थानीय प्रशासन के अक्षमता को जग जाहिर करता है जो कि यहां ही नहीं बल्कि विभिन्न मामलों में खुलकर सामने आई है। जानकारी हो कि पिछले वर्षों में कई जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने झूला पुल निर्माण की मांग उठाई थी। सर्वे रिपोर्ट में इसकी अनुमानित लागत लगभग 76 करोड़ बताई गई थी। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद कांच का पुल बनने की घोषणा हुई थी, लेकिन अब इसके स्थान पर सीमेंट का पैदल पुल बनाए जाने का निर्णय लिया गया है जिससे स्थानीय निवासियों में निराशा का माहौल है।



# खरसिया में जिला युवा कांग्रेस का बिजली बिल जलाओ आंदोलन

**पुसौर।** कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर रायगढ़ जिले के हर विधानसभा में युवा कांग्रेसियों ने बिजली बिल की प्रतियां जला कर बिजली आफिसों के सामने किया भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जो खरसिया विधायक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में हुआ।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश के हर जिले एवं विधानसभा में छत्तीसगढ़ में बढ़ती बिजली दरों के खिलाफ बिजली बिल की प्रतियां जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रायगढ़ जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश चौहान के नेतृत्व में जिले के हर विधानसभा में बिजली विभाग के आफिसों के सामने बिजली बिल की प्रतियां जला कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी तरह खरसिया के बिजली आफिस के सामने युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष योगेश चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के द्वारा किये जा रहे बेतहाशा बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर बिजली बिल की प्रतियां जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया। योगेश ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया एवं मोनिका मंडरे के निर्देश पर खरसिया विधायक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में बिजली के मुद्दे को लेकर चरण बद्ध आंदोलन की रुपरेखा प्रदेश नेतृत्व तय कर रही है। जिसके बाद युवा कांग्रेस निचले तबके तक इस लड़ाई को सरकार के खिलाफ आमजन की आवाज बनकर लड़ेगी।

खरसिया के प्रदर्शन में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी राम शर्मा मैत्री कन्हेर ताराचंद गुप्ता युवा कांग्रेस से विजय गबेल, नीलाम्बर बरेठ, निखिल सिन्हा, अर्चना सिदार, मुकेश गबेल, अजय पटेल, रूपेंद्र सिंह ठाकुर, दया गोयल, विजय सिदार अन्य उपस्थित रहे।




## आए दिन केबल जलने, डियो कटने लो वोल्टे से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बिर्रा।** विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के बस स्टैंड चौक के आगे स्थापित 200 केवी का ट्रांसफार्मर में प्रत्येक दिन डियो का कटने, केवल जलने, बिजली के बार-बार ट्रिप होने एवं वोल्टेज कम ज्यादा होने से वहीं बिजली में फाल्ट आने के चलते उपभोक्ता परेशान है।



विद्युत मंडल बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के बस स्टैंड चौक बिर्रा के आगे में राजू इलेक्ट्रॉनिक के सामने में स्थापित 200 केवी का ट्रांसफार्मर में प्रत्येक दिन डियो का कटना, केवल का जलना, बिजली का ट्रिप होना एवं वोल्टेज का कम ज्यादा होना और बिजली फाल्ट हो जाना आदि की समस्या से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों की सामना करना पड़ र हैं। प्रत्येक दिन यह समस्या आम बात हो गई है। कभी एक घंटा, तो कभी दो घंटा तो कभी एक पहर तक बिजली नहीं आती है, जिसके कारण आसपास के विद्युत उपभोक्ता व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में शिकायत करने के बावजूद भी विद्युत व्यवस्था तुरंत बहाल नहीं किया जाता है। कर्मचारी नहीं होने का बहना बनाते है, जबकि विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में तकरीबन दर्जन भर कर्मचारी पदस्थ है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के कर्मचारियों को फोन लगाकर जानकारी देने पर तुरंत बनाने के लिए नहीं पहुंचते हैं।

# डिग्री कॉलेज का मैदान बना नशेड़ियों का अड्डा, पढ़ाई प्रभावित


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के प्रमुख डिग्री कॉलेज का लाल मैदान कई माह से नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। मैदान में जगह-जगह शराब की शीशियां, बीड़ी-सिगरेट के पैकेट, गांजा के अवशेष पड़े होने से छात्रों की प्रैक्टिस प्रभावित हो रही है। इस पर लगाम लगाने में कॉलेज प्रबंधन भी नाकाम हैं और खुद को बेबस बता रहे हैं। शैक्षणिक संस्थानों में से एक डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित लाल मैदान कई माह से गंभीर समस्या से जूझ रहा है। इस मैदान में कभी छात्र खेल-कूद और अन्य गतिविधियों की प्रैक्टिस किया करते थे, अब यह नशेड़ियों का का प्रमुख अड्डा बन चुका है। इसका सीधा असर कॉलेज के छात्रों पर पड़ रहा है। दिन हो या रात मैदान के चारों तरफ आसामिजक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जो खुलेआम शराब, गांजा, सुलेशन का सेवन करते नजर आते हैं और नशे की सामग्रियों को वहीं मैदान में यहां तक कि बास्केट बॉल कोर्ट में फेंक कर चले जाते हैं। नशेड़ियों के द्वारा जगह-जगह शराब की शीशियों को फोड़ देने से छात्रों को प्रैक्टिस करने में भी परेशानी हो रही है। इससे न केवल वातावरण खराब हो रहा है बल्कि छात्रों को असुरक्षित महसूस भी होता है।



टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेज़र द्वारा

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411